भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
(वाणिज्य विभाग)

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3642

<u>दिनांक 17 दिसम्बर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए</u>

## निर्यात पोर्टल

**3642. श्री जगदम्बिका पालः**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय आयात–निर्यात वार्षिक व्यापार विश्लेषण रिकार्ड (निर्यात) पोर्टल की प्रमुख विशेषताओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह पोर्टल संबंधित हितधारकों को सटीक सूचना प्रदान करने के लिए वस्तुओं के आधार पर वर्गीकृत निर्यात संबंधी आंकड़े उपलब्ध कराता है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जितिन प्रसाद)

**(क) से (ग)** वाणिज्य विभाग ने निर्यात निष्पादन की ऑफलाइन निगरानी के अनुपूरक कार्य हेतु निर्यात (राष्ट्रीय आयात–निर्यात वार्षिक व्यापार विश्लेषण रिकॉर्ड) पोर्टल विकसित किया है, जिसे दिनांक 23 जून, 2022 को माननीय प्रधान मंत्री द्वारा लॉन्च किया गया है। यह अंतरराष्ट्रीय व्यापार में समय पर नीति निर्माण/उपायों की सुविधा के लिए एक डिजिटाइज्ड डेटा–संचालित ढांचे के माध्यम से 31 पण्य समूहों द्वारा 200 देशों/क्षेत्रों के लिए निर्दिष्ट निर्यात लक्ष्य की निगरानी हेतु वास्तविक समय प्रणाली है। यह पोर्टल सरकारी हितधारकों (दूतावासों/उच्चायोगों/मिशनों सहित) और निर्यात संवर्धन परिषदों (ईपीसी)/पण्य बोर्डों/प्राधिकरणों आदि के लिए व्यक्तिगत लॉगइन और पासवर्ड के माध्यम से उनके संबंधित क्षेत्राधिकार के निर्यात निष्पादन की नियमित निगरानी करने और जहां भी अपेक्षित हो, आवश्यक कार्रवाई करने के लिए सुलभ है।

निर्यात पोर्टल की विशेषताएं निम्नानुसार हैंः

(i) वन व्यू प्लेटफॉर्म – प्रत्येक पण्य के निष्पादन और निर्धारित लक्ष्य के तहत देश के व्यापार मूल्यों को ट्रैक करना
(ii) इंटरैक्टिव विजुअलाइजेशन के साथ डैशबोर्ड, ताकि उपयोगकर्ता आसानी से डेटा को अलग–अलग कर सकें
(iii) डेटा के उपयोग में आसानी के लिए पण्य, देश या दोनों के संयोजन में अन्वेषण किया जाता है
(iv) आसान विश्लेषण के लिए विश्व मानचित्र दृश्य, पण्य दृश्य, तालिका दृश्य
(v) स्वचालित अंतर्दृष्टि
(vi) चेतावनी व्यक्त करने, अवरोधों की पहचान करने और सुधारात्मक नीतिगत कार्रवाइयों को आगे बढ़ाने के लिए कलर कोडिंग का सहज अनुप्रयोग
(vii) भारत के विभिन्न राज्यों से पण्य का निर्यात विश्लेषण
(viii) भूमिका आधारित उपयोगकर्ता अभिगम उन्हें प्रासंगिक जानकारी तक निर्देशित करने के लिए
(ix) ब्राउजर विजेट के माध्यम से डेस्कटॉप पर अधिसूचना के रूप में अंतर्दृष्टि (फिलहाल क्रोम वेब–ब्राउजर में उपलब्ध है)।

*****